(viii) Need to start work on Bhanupalli-Bilaspur-Berry, Ghanauli-Baddi, Nangal-Talwara and Bilaspur-Mandi-Manali-Leh railway line projects in Himachal Pradesh

***श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर):** अध्यक्ष महोदय, हिमादय प्रदेश पर्वतीय एवं सीमावर्ती प्रदेश है। आजादी के 62 वर्ों में अब तक केवल 33 किलोमीटर रेल लाइनें प्रदेश में बनी हैं। भानुपल्ली-बिलासपुर-बैरी ब्रॉडगेज रेल लाइन के निर्माण की घोाणा वर्ा 2008-09 के बजट में की गयी, किन्तु अभी तक कार्य आरम्भ नहीं किया गया है। घनौली बद्दी बड़ी रेल लाइन निर्माण की घोाणा बर्ा 2007-08 के बजट में की गयी थी, किन्तु केन्द्र प्रशासित क्षेत्र चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा भूमि उपलब्ध न कराए जाने के कारण पंजाब के जिला रोपड़ के घनौली से उक्त रेल लाइन का लिंक हिमाचल प्रदेश के बद्दी औद्योगिक क्षेत्र से दिए जाने के रेलवे के वैकल्पिक प्रस्ताव पर अभी तक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया हैं। निर्माणाधीन नंगल-तलवाड़ा बड़ी रेल का कार्य दो वर्ा में पूर्ण करने हेतु इस वर्ा के बजट में पर्याप्त धन आबंटित किया जाए और बिलासपुर-मंडी-मनाली-लेह/लद्दाख बड़ी रेल लाइन का निर्माण सामरिक महत्व, पर्यटन और क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास हेतु अत्यंत आवश्यक है। अतः इस रेल लाइन के निर्माण को तत्काल स्वीकृति प्रदान की जाए।

---

* Treated as laid on the Table.